Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

| SUBJECT CODE | SUBJECT |
|---|---|
| A-12-18 | HINDI |

| HALL TICKET NUMBER | PAPER |
|---|---|
| | II |

| OMR SHEET NUMBER | NUMBER OF QUESTIONS |
|---|---|
| | 100 |

| DURATION | MAXIMUM MARKS | NUMBER OF PAGES |
|---|---|---|
| 2 HOURS | 200 | 16 |

QUESTION BOOKLET NUMBER 242448

This is to certify that, the entries made in the above portion are correctly written and verified.

**Candidate's Signature**

**Name and Signature of Invigilator**

### Instructions for the Candidates

1. Write your Hall Ticket Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of hundred multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested **to open the booklet and compulsorily examine it as below** :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Answer Sheet given to you**. If you mark at any place other than in the circle or half circle or semi circle in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. **The candidate must handover the OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily** and must not carry it with you outside the Examination Hall. The candidate is allowed to take away the carbon copy of OMR Sheet and used Question paper booklet at the end of the examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### అభ్యర్థికి సూచనలు

1. ఈ పుట పై భాగంలో ఇవ్వబడిన స్థలంలో మీ హాల్‌టికెట్ నంబరు రాయండి.
2. ఈ ప్రశ్న పత్రము వంద (100) బహుళైచ్ఛిక ప్రశ్నలను కలిగి ఉంది.
3. పరీక్ష ప్రారంభమున ఈ ప్రశ్నాపత్రము మీకు ఇవ్వబడుతుంది మొదటి ఐదు నిమిషములలో <u>ఈ ప్రశ్నాపత్రమును తెరిచి కింద తెలిపిన అంశాలను తప్పనిసరిగా సరిచూసుకోండి.</u>
   (i) ఈ ప్రశ్న పత్రమును చూడడానికి కవర్ పేజి అంచున ఉన్న కాగితపు సీలును చించండి. కాగితపు సీలులేని మరియు ఇదివరకే తెరిచి ఉన్న ప్రశ్నాపత్రమును మీరు అంగీకరించవద్దు.
   (ii) **కవరు పేజి పై ముద్రించిన సమాచారం ప్రకారం ఈ ప్రశ్న పత్రములోని పేజీల సంఖ్యను మరియు ప్రశ్నల సంఖ్యను సరిచూసుకోండి. పేజీల సంఖ్యకు సంబంధించి గాని లేదా సూచించిన సంఖ్యలో ప్రశ్నలు లేకపోవుట లేదా నిజప్రతి కాకపోవుట లేదా ప్రశ్నలు క్రమపద్ధతిలో లేకపోవుట లేదా ఏవైనా తేడాలుండుట వంటి దోషపూరితమైన ప్రశ్న పత్రాన్ని వెంటనే మొదటి ఐదు నిమిషాల్లో పరీక్షా పర్యవేక్షకునికి తిరిగి ఇచ్చివేసి దానికి బదులుగా సరిగ్గా ఉన్న ప్రశ్నపత్రాన్ని తీసుకోండి. తదనంతరం ప్రశ్నపత్రము మార్చబడదు అదనపు సమయం ఇవ్వబడదు.**
   (iii) పై విధంగా సరిచూసుకొన్న తర్వాత ప్రశ్నాపత్రం సంఖ్యను OMR పత్రము పై అదేవిధంగా OMR పత్రము సంఖ్యను ఈ ప్రశ్నాపత్రము పై నిర్దిష్ట స్థలంలో రాయవలెను.
4. ప్రతి ప్రశ్నకు నాలుగు ప్రత్యామ్నాయాలు (A), (B), (C) మరియు (D) లుగా ఇవ్వబడ్డాయి. ప్రతి ప్రశ్నకు సరైన జవాబును ఎన్నుకొని OMR పత్రములో ప్రతి ప్రశ్నా సంఖ్యకు ఇవ్వబడిన నాలుగు వృత్తాల్లో సరైన జవాబు సూచించే వృత్తాన్ని బాల్ పాయింట్ పెన్‌తో కింద తెలిపిన విధంగా పూరించాలి
   **ఉదాహరణ :** (A) (B) ● (D)
   (C) సరైన ప్రతిస్పందన అయితే.
5. ప్రశ్నలకు జవాబును ఈ ప్రశ్నపత్రముతో ఇవ్వబడిన OMR పత్రము పైన ఇవ్వబడిన వృత్తాల్లోనే పూరించి గుర్తించాలి. అలాకాక సమాధాన పత్రం పై వేరొక చోట గుర్తించిన లేక సగ వృత్తం లేదా అసంపూర్ణ వృత్తాన్ని నింపిన మీ జవాబు మూల్యాంకనం చేయబడదు.
6. ప్రశ్న పత్రము లోపల ఇచ్చిన సూచనలను జాగ్రత్తగా చదవండి.
7. చిత్తుపనిని ప్రశ్నపత్రము చివర ఇచ్చిన ఖాళీ స్థలములో చేయాలి.
8. OMRపత్రము పై నిర్ణీత స్థలంలో సూచించవలసిన వివరాలు తప్పించి ఇతర స్థలంలో మీ గుర్తింపును తెలిపే విధంగా మీ పేరు రాయడం గానీ లేదా ఇతర చిహ్నాలను పెట్టడం గానీ చేసినట్లయితే మీ అనర్హతకు మీరే బాధ్యులవుతారు.
9. **పరీక్ష పూర్తయిన తర్వాత OMR పత్రాన్ని తప్పనిసరిగా పరీక్ష పర్యవేక్షకుడికి ఇవ్వాలి.** వాటిని పరీక్ష గది బయటకు తీసుకువెళ్ళకూడదు. పరీక్ష పూర్తయిన తరువాత అభ్యర్థులు ప్రశ్న పత్రాన్ని OMR పత్రం యొక్క కార్బన్ కాపీని తీసుకువెళ్ళవచ్చు.
10. **నీలి/నల్ల రంగు బాల్ పాయింట్ పెన్ మాత్రమే ఉపయోగించాలి.**
11. **లాగరిథమ్ టేబుల్స్, క్యాలిక్యులేటర్‌లు, ఎలక్ట్రానిక్ పరికరాలు మొదలగునవి పరీక్ష గదిలో ఉపయోగించడం నిషేధం.**
12. **తప్పు సమాధానాలకు మార్కుల తగ్గింపు లేదు.**



Teachingninja.in

DO NOT WRITE HERE

Teachingninja.in

# HINDI
## Paper – II

1. खड़ीबोली हिन्दी का आधार रूप है
   (A) भोजपुरी (B) बुन्देली
   (C) कौरवी (D) हरियाणवी

2. इनमें से किस लिपि के चिह्न आक्षरिक या वर्णिक नहीं हैं ?
   (A) हिब्रू लिपि (B) ग्रीक लिपि
   (C) सिंधु घाटि की लिपि (D) लैटिन लिपि

3. इनमें से किस बोली को सरकार द्वारा भाषा की मान्यता नहीं मिली है ?
   (A) मैथिली (B) डोगरी
   (C) संथाली (D) भोजपुरी

4. भोजपुरी का विकास मागधी अपभ्रंश के किस रूप से हुआ है ?
   (A) पूर्वी रूप (B) पश्चिमी रूप
   (C) उत्तरी रूप (D) दक्षिणी रूप

5. संस्कृत से हिन्दी भाषा के विकास की गति है
   (A) संयोगात्मक से वियोगात्मक
   (B) वियोगात्मक से संयोगात्मक
   (C) संयोगात्मक ही रह जाना
   (D) वियोगात्मक ही रह जाना

6. केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा की स्थापना कब हुई ?
   (A) 1962 (B) 1963
   (C) 1964 (D) 1965

7. संविधान के किस अनुच्छेद में राजभाषा हिन्दी के स्वरूप को विकसित करने का निर्देश है ?
   (A) 343 (B) 348
   (C) 351 (D) 350

8. नयी कविता को किस नाम से बुलाया गया ?
   (A) बुद्धिवादी कविता
   (B) प्रकृतिवादी कविता
   (C) रहस्यवादी कविता
   (D) आस्थावादी कविता

9. कवि निराला का जीवन काल है
   (A) 1889 – 1937 ई.
   (B) 1896 – 1961 ई.
   (C) 1900 – 1977 ई.
   (D) 1917 – 1987 ई.

10. यह भीष्म साहनी की रचना नहीं है
   (A) झरोखे (B) कड़ियाँ
   (C) बसन्ती (D) निशिकांता

11. माधव राव सप्रे की कहानी है
   (A) दादी माँ
   (B) एक टोकरी भर मिट्टी
   (C) पाजेब
   (D) हंसाजाइ अकेला

12. सेवासदन के तुरंत बाद प्रकाशित प्रेमचंद का उपन्यास है
   (A) वरदान (B) रंगभूमि
   (C) कायाकल्प (D) निर्मला

13. वीर रस का स्थायी भाव है
   (A) रति (B) शोक
   (C) उत्साह (D) क्रोध

14. 'खरगोश के सींग' किसका निबंध संग्रह है ?
   (A) हरिशंकर परसाई (B) प्रभाकर माचवे
   (C) धर्मवीर (D) विद्यानिवास मिश्र



Teachingninja.in

15. 'चौरासी वैष्णवन की वार्त्ता' के रचयिता हैं

(A) निवृत्तिनाथ (B) गोकुलनाथ

(C) चौरंगीनाथ (D) गोरखनाथ

16. 'पीयूष प्रवाह' के सम्पादक रहे

(A) गणेश शंकर विद्यार्थी

(B) सदल मिश्र

(C) राजा शिवप्रसाद सितारे हिंद

(D) अम्बिकादत्त व्यास

17. "तिहि पूछा सब कहेसि बुझाई" में कौनसा रस द्रष्टव्य है ?

(A) शांत रस (B) करुण रस

(C) रौद्र रस (D) वीभत्स रस

18. उर्दू में रचित 'चौगाने हस्ते' प्रेमचंद के किस उपन्यास रूपांतरण है ?

(A) प्रेमाश्रम (B) सेवासदन

(C) रंगभूमि (D) वरदान

19. यह जयशंकर प्रसाद का उपन्यास नहीं है

(A) कंकाल (B) तितली

(C) इरावती (D) प्रेत की छाया

20. शांतिप्रिय द्विवेदी की रचना 'परिव्राजक की प्रजा' किस प्रकार की रचना है ?

(A) उपन्यास (B) आत्मकथा

(C) जीवनी (D) नाटक

21. छायावादी युगीन पत्रिका है

(A) हंस

(B) मनोरंजन

(C) नया समाज

(D) सरस्वती

22. 'कीर्तिपताका' काव्य की भाषा है

(A) अवधी (B) मैथिली

(C) अवहट्ठ (D) ब्रज

23. सिद्ध अपनी बानी या पहेली को किस शैली में रखते थे ?

(A) उलटबाँसी शैली (B) छप्पय शैली

(C) दृष्टिकूट शैली (D) धूप छाँही शैली

24. 'आर्या सप्तशती' की रचना किसने की ?

(A) तुलसीदास (B) गोवर्धनदास

(C) सूरदास (D) श्यामसुंदरदास

25. रसखान किस काव्य के रचयिता हैं ?

(A) वसंतधमार कीर्तन (B) प्रेमावली

(C) प्रेमवाटिका (D) खेटकौतुक

26. 'कोऊ कोटिक संग्रहों, कोई लाख हज़ार' पंक्ति का रचनाकार हैं

(A) केशवदास (B) सूरदास

(C) तुलसीदास (D) बिहारीलाल

27. भक्ति का उल्लेख सर्वप्रथम किस ग्रंथ में मिलता है ?

(A) पुराण

(B) ऋग्वेद

(C) श्वेताश्वेतर उपनिषद

(D) भगवद्गीता

28. गौतमबुद्ध के प्रवचनों की भाषा है

(A) पालि (B) प्राकृत

(C) अपभ्रंश (D) अवहट्ठ



Teachingninja.in

29. 'हरमिट' और 'ट्रेवलर' यात्रावृत्तांत का हिंदी अनुवाद किसने किया ?

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) श्रीधर पाठक

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

30. 'कामायनी एक पुनर्विचार' किस आलोचक की कृति है ?

(A) रामस्वरूप चतुर्वेदी

(B) अ. नगेन्द्र

(C) मुक्तिबोध

(D) नन्ददुलारे वाजपेयी

31. भरतमुनि ने रस को नाटक में प्रधान घोषित करते हुए कितने अलंकारों का प्रयोग किया है ?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) सात

32. काव्यादर्श किसकी रचना है ?

(A) दण्डी (B) वामन

(C) मम्मट (D) कुंतक

33. त्रासदी नाटकों का जन्मदाता कौन हैं ?

(A) एस्किलस

(B) यूरोपिडीज

(C) डायोनिसस

(D) थेसर्थक

34. ज्ञानबोध किसकी रचना है ?

(A) सुंदरदास (B) मलूकदास

(C) रैदास (D) धर्मदास

35. "सफल अभिव्यक्ति में ही सौंदर्य निवास करता है और यदि अभिव्यक्ति सफल नहीं है तो वह अभिव्यक्ति ही नहीं है" – उक्ति के लेखक कौन हैं ?

(A) राल्फ फॉक्स (B) जार्ज लुकाच

(C) कॉलरिज (D) बेनेदेतो क्रोचे

36. अस्तित्ववाद के प्रवर्तक और प्रथम विचारक कौन रहे ?

(A) सोरेन कीर्केगार्द (B) मार्टिन हेडेगर

(C) अल्बेयर कामू (D) कार्ल यास्पर्स

37. विचारों का सिद्धांत (Theory of Ideology) किसकी देन है ?

(A) प्लेटो (B) अरस्तु

(C) कॉलरिज (D) होरेस

38. किस आलोचक ने अपनी आलोचना को 'निजि काव्यशाला का उपजात' कहा है ?

(A) विलियम वर्ड्सवर्थ

(B) आई.ए. रिचर्ड्स

(C) टी.एस. इलियट

(D) क्रिस्टोफर कॉडवेल

39. इनमें से कौन नास्तिक अस्तित्ववादी रहे ?

(A) कार्ल यास्पर्स (B) अल्बेयर कामू

(C) मार्टिन हेडेगर (D) सोरेन कीर्केगार्द

40. किस आलोचक ने 'आँसू' को कवि के जीवन की वास्तविक प्रयोगशाला का आविष्कार कहा है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) रामेश्वरलाल खण्डेलवाल

(C) नंददुलारे वाजपेयी

(D) विजयेंद्र स्नातक



Teachingninja.in

41. प्रसाद की किस ऐतिहासिक कविता में प्रत्येक पंक्ति मुक्त अतुकांत है ?
(A) शेरसिंह का शस्त्र समर्पण
(B) बीती बिभावरी
(C) हिमशैल बालिका
(D) प्राची का पथिक

42. कामायनी में कवि सामाजिक जीवन की सफलता के लिए किन गुणों को आवश्यक मानते हैं ?
(A) प्रेम और स्नेह
(B) घृणा और विश्वास
(C) समरस, सेवा और समर्पण
(D) प्रेम, स्नेह और विश्वास

43. निराला की किस कविता की भाषा अरबी-फ़ारसी-अंग्रेज़ी तथा हिंदी मिश्रित हैं ?
(A) कुकुरमुत्ता (B) गीतिका
(C) जूही की कली (D) वन-बेला

44. 'उगलता गगन घन अंधकार' में कौन सा काव्यालंकार है ?
(A) रूपक (B) उपमा
(C) मानवीकरण (D) श्लेष

45. किस कवि ने सभी मानवों को ऊर्ध्व-मनुज बनने की प्रेरणा दी है ?
(A) प्रसाद (B) पंत
(C) निराला (D) महादेवी

46. क्या अमरों का लोक मिलेगा तेरी करुणा का उपहार ?
रहने दो हे देव ! अरे यह मेरा मिटने का अधिकार !
– किसकी काव्य पंक्तियाँ हैं ?
(A) निराला (B) पंत
(C) महादेवी (D) प्रसाद

47. वज्रयान संप्रदाय का संबंध किस धर्म से है ?
(A) जैन धर्म (B) बौद्ध धर्म
(C) सूफी धर्म (D) शाक्त धर्म

48. धर्मदास किसके शिष्य थे ?
(A) रामानंद (B) रैदास
(C) कबीर (D) गुरुनानक

49. द्राविड़ भाषा में आलवार का अर्थ है
(A) प्रेमिल (B) मग्न
(C) दिव्य (D) अलौकिक

50. यह मेहरुन्निसा परवेज़ की रचना है
(A) आँखों की देहलीज
(B) शेष यात्रा
(C) डार से बिछुड़ी
(D) अंतराल

51. प्रेमचंद का उपन्यास सेवासदन उर्दू में किस नाम से प्रकाशित है ?
(A) सोज़ेवतन
(B) बाज़ार-ए-हुस्न
(C) गोशाए आफ़िमत
(D) हम सूर्मा व हम सबाब

52. रस-सिद्धांत के अनुसार संतकाव्य में अभिव्यंजित रस है
(A) वीर रस (B) श्रृंगार रस
(C) शांत रस (D) रौद्र रस

53. यह रचना दलित साहित्य के अंतर्गत नहीं है
(A) छप्पर (B) बलचनमा
(C) जूठन (D) सुवरदान


Teachingninja.in

**54.** भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ सम्पन्न हुआ था ?

(A) मॉरिशस (B) भोपाल

(C) नागपुर (D) अमरीका

**55.** उत्तर आधुनिक विमर्श में किस प्रकार की आलोचना पद्धति का प्रयोग होता है ?

(A) तात्विक आलोचना

(B) पाठकीय आलोचना

(C) भाषिक आलोचना

(D) शास्त्रीय आलोचना

**56.** यह राम कथाधृत रचना नहीं है

(A) भूमिजा (B) प्रवाद पर्व

(C) अग्निलोक (D) समर शेष है

**57.** ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हिन्दी के कवियों को उनके पुरस्कृत वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए।

| | |
|---|---|
| a. पंत | i. 1992 |
| b. महादेवी वर्मा | ii. 1972 |
| c. दिनकर | iii. 1978 |
| d. अज्ञेय | iv. 1968 |
| | v. 1982 |

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | v |
| (B) | i | ii | v | iv |
| (C) | v | i | iii | ii |
| (D) | iv | v | ii | iii |

**58.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए।

| | |
|---|---|
| a. बूँद और समुद्र | i. इलाचंद्र जोशी |
| b. गढ कुण्डार | ii. जैनेन्द्र कुमार |
| c. त्यागपत्र | iii. अमृतलाल नागर |
| d. सन्यासी | iv. धर्मवीर भारती |
| | v. वृंदावनलाल वर्मा |

सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | v |
| (B) | iii | v | ii | i |
| (C) | iii | i | v | iv |
| (D) | v | iv | iii | i |

**59.** निम्नलिखित नाटकों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. डिक्टेटर | i. विष्णु प्रभाकर |
| b. डॉक्टर | ii. जगदीश चंद्र माथुर |
| c. कोणार्क | iii. पांडेय बेचनशर्मा 'उग्र' |
| d. उत्सर्ग | iv. लक्ष्मीनारायण मिश्र |
| | v. चतुरसेन शास्त्री |

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | v |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | ii | iv | v | iii |
| (D) | v | ii | i | iv |



Teachingninja.in

60. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को उनके कवियों से सुमेलित कीजिए।

| | |
|---|---|
| a. उठ पड़ा तूफान देखो मैं नहीं हैरान देखो | i. भारतेन्दु |
| b. चुप चुप चुप है गूँज रहा सब कहीं | ii. माखनलाल चतुर्वेदी |
| c. रक्त है ? या है नसों में क्षुद्र पानी ? जाँच कर, तू सीस दे देकर जवानी | iii. निराला |
| d. वन्दना के इन स्वरों में एक स्वर मेरा मिला लो हो जहाँ बलि शीश अगणित एक सिर मेरा मिला लो | iv. हरिवंश राय बच्चन |
| | v. सोहनलाल द्विवेदी |

सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | v | iii | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | iv | iii | ii | v |

61. निम्न कृतियों को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए।

| | |
|---|---|
| a. अनुसंधान का विवेचन | i. सुरेशचंद्र निर्मल |
| b. अनुसंधान की प्रक्रिया | ii. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र |
| c. अनुसंधान प्रविधि | iii. चंद्रभानु रावत |
| d. अनुसंधान के तत्त्व | iv. उदयभानु सिंह |
| | v. विजेन्द्र स्नातक |

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | v | ii | iv | iii |
| (C) | iv | v | i | ii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

62. पत्रकारिता पर प्रकाशित पुस्तकों को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए।

| | |
|---|---|
| a. हिन्दी पत्रकारिता | i. रामचंद्र तिवारी |
| b. हिन्दी पत्रकारिता विविध आयाम | ii. कृष्ण बिहारी मिश्र |
| c. सम्पादन के सिद्धांत | iii. वेद प्रताप वैदिक |
| d. समाचार पत्रों का इतिहास | iv. अंबिका प्रसाद वाजपेयी |
| | v. वंशीधर लाल |

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | v | iv |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | ii | v | iv | iii |
| (D) | i | ii | iii | iv |



Teachingninja.in

63. प्रेमचंद पर लिखे गये आलोचनात्मक ग्रंथों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए।

a. प्रेमचंद और उनका युग — i. इन्द्रनाथ मदान
b. प्रेमचंद के उपन्यासों का शिल्पविधान — ii. महेन्द्र भटनागर
c. प्रेमचंद चिंतन और कला — iii. रामदीन गुप्त
d. प्रेमचंद और गांधीवाद — iv. कमल किशोर गोयनका
v. रामविलास शर्मा

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | v | iv | i | iii |
| (B) | i | v | iii | ii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | v | iii | ii | i |

64. निम्न आलोचनात्मक कृतियों को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए।

a. हिन्दी समीक्षा: स्वरूप और संदर्भ — i. निर्मलाजैन
b. हिन्दी आलोचना: उद्भव और विकास — ii. तारकनाथ बाली
c. हिन्दी आलोचना: बीसवीं शताब्दी — iii. भगवतस्वरूप मिश्र
d. आलोचना: प्रकृति और परिवेश — iv. रामदरश मिश्र
v. नन्दकिशोर नवल

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | iii | ii | iv | v |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | v | iv | ii | iii |

65. निम्न उपन्यासकारों को उनकी कृतियों से सुमेलित कीजिए।

a. रवीन्द्र कालिया — i. न भूतो न भविष्यत
b. नरेन्द्र कोहली — ii. पीली आंधी
c. राजी सेठ — iii. सुराज
d. प्रभाखेतान — iv. ए.बी.सी.डी.
v. निष्कवच

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | iv | i | v | ii |
| (C) | i | iii | ii | v |
| (D) | ii | iv | i | iii |

66. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए।

a. क्या भूलूँ क्या याद करूँ — i. जवाहरलाल नेहरू
b. रूस में छियालीस दिन — ii. रामकृष्ण बजाज
c. चीन में क्या देखा — iii. हरिवंशराय बच्चन
d. जापान की सैर — iv. राहुल सांकृत्यायन
v. यशपाल जैन

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | v | ii |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | v | iv | i | iii |
| (D) | iii | v | iv | ii |


Teachingninja.in

67. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए।

a. काव्यानुशासन — i. विश्वनाथ कविराज
b. एकावली — ii. केशव मिश्र
c. साहित्य दर्पण — iii. जयदेव
d. अलंकार शेखर — iv. हेमचंद्र
v. विद्याधर

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | v | ii | i | iii |
| (B) | iv | v | i | ii |
| (C) | iii | ii | v | iv |
| (D) | ii | i | v | iii |

68. निम्नलिखित निबन्धों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए।

a. छितवन की छाँह — i. विष्णुकांत शास्त्री
b. ठेले पर हिमालय — ii. कुबेरनाथ राय
c. चिंतन मुद्रा — iii. रामदरश मिश्र
d. प्रिया नीलकंठी — iv. विद्यानिवास मिश्र
v. धर्मवीर भारती

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iii | ii | v | iv |
| (C) | iv | v | i | ii |
| (D) | i | ii | iv | v |

69. निम्नलिखित कृतियों को उनके कृतिकारों के साथ सुमेलित कीजिए।

a. जगनिक — i. रणमल्ल छंद
b. चंदबरदाई — ii. जयचंद्र प्रकाश
c. भट्ट केदार — iii. आल्हाखंड
d. श्रीधर — iv. पृथ्वीराज रासो
v. बीसलदेव रासो

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | v | iii | ii | iv |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | i | iii | iv | v |
| (D) | iii | ii | i | iv |

70. निम्नलिखित रचनाओं को उनकी लेखिकाओं के साथ सुमेलित कीजिए।

a. दिलो दानिश — i. उषा प्रियंवदा
b. उसका घर — ii. मन्नू भंडारी
c. शेष यात्रा — iii. मैत्रेयी पुष्पा
d. बिना दीवारों का घर — iv. मेहरुन्निसा परवेज
v. कृष्णा सोबती

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | v | iv |
| (B) | v | iv | i | ii |
| (C) | iii | ii | iv | v |
| (D) | v | iv | iii | ii |



Teachingninja.in

71. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए।

a. अनघ — i. जगदीश माथुर

b. विश्वामित्र — ii. मैथिलीशरण गुप्त

c. ताजमहल के आँसू — iii. मोहन राकेश

d. कबूतर खाना — iv. उदयशंकर भट्ट

v. लक्ष्मीनारायण मिश्र

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | v |
| (B) | ii | iv | v | i |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | iv | v | iii | ii |

72. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए।

a. आतंक — i. गिरिराज किशोर

b. अंतराल — ii. निर्मल वर्मा

c. जुगलबंदी — iii. रामदरश मिश्र

d. पानी की प्राचीर — iv. नरेन्द्र कोहली

v. मोहन राकेश

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | v | iii | iv |
| (B) | iii | ii | v | i |
| (C) | iv | v | i | iii |
| (D) | v | iv | ii | i |

73. अज्ञेय द्वारा सम्पादित तार-सप्तक के कवियों को सुमेलित कीजिए।

a. प्रथम तार सप्तक — i. केदारनाथ सिंह

b. दूसरे तार सप्तक — ii. गिरिजा कुमार माथुर

c. तीसरे तार सप्तक — iii. राजेन्द्र किशोर

d. चौथे तार सप्तक — iv. धर्मवीर भारती

v. नलिन विमोचन शर्मा

इनमें से सही विकल्प है :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | v |
| (B) | i | v | iv | iii |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | ii | i | iv | iii |

74. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य ग्रंथों का सही अनुक्रम है

(A) यशोधरा, विष्णुप्रिया, जयभारत, द्वापर

(B) विष्णुप्रिया, यशोधरा, जयभारत, द्वापर

(C) यशोधरा, द्वापर, जयभारत, विष्णुप्रिया

(D) यशोधरा, जयभारत, द्वापर, विष्णुप्रिया

75. पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन-वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है

(A) बंगदूत, उदंतमार्तंड, प्रजामित्र, बनारस अखबार

(B) प्रजामित्र, बनारस अखबार, बंगदूत, उदंतमार्तंड

(C) उदंतमार्तंड, बंगदूत, प्रजामित्र, बनारस अखबार

(D) बनारस अखबार, बंगदूत, प्रजामित्र, उदंतमार्तंड



Teachingninja.in

76. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के काव्यग्रंथों का कालानुसार सही अनुक्रम है

(A) प्रियप्रवास, चोखे-चौपदे, पद्यप्रसून, वैदेही वनवास

(B) प्रियप्रवास, पद्यप्रसून, चोखे-चौपदे, वैदेही वनवास

(C) चोखे-चौपदे, प्रियप्रवास, पद्यप्रसून, वैदेही वनवास

(D) प्रियप्रवास, वैदेही वनवास, चोखे-चौपदे, पद्यप्रसून

77. गोपालराम-गहमरी के जासूसी-उपन्यासों का कालानुसार सही अनुक्रम है

(A) जासूस चक्कर में, सरकटी लाश, चक्करदार चोरी, जासूस पर जासूसी

(B) जासूस पर जासूसी, सरकटी लाश, चक्करदार चोरी, जासूस चक्कर में

(C) सरकटी लाश, चक्करदार चोरी, जासूस पर जासूसी, जासूस चक्कर में

(D) सरकटी लाश, चक्करदार चोरी, जासूस चक्कर में, जासूस पर जासूसी

78. कालक्रम के अनुसार जीवनियों का सही अनुक्रम है

(A) रमणीय रत्नमाला, रानी भवानी, वीर पत्नी संयोगिता, रानी दुर्गावती

(B) रानी भवानी, रमणीय रत्नमाला, वीर पत्नी संयोगिता, रानी दुर्गावती

(C) रानी दुर्गावती, रानी भवानी, रमणीय रत्नमाला, वीर पत्नी संयोगिता

(D) वीर पत्नी संयोगिता, रमणीय रत्नमाला, रानी दुर्गावती, रानी भवानी

79. साहित्यिक-पत्रिकाओं का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है

(A) समालोचक, मनोरंजन, इंदु, देवनगर

(B) मनोरंजन, इंदु, देवनगर, समालोचक

(C) देवनगर, समालोचक, इंदु, मनोरंजन

(D) समालोचक, देवनगर, इंदु, मनोरंजन

80. भारतेंदु हरिशचंद्र के नाटकों का कालानुसार सही अनुक्रम है

(A) वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति, विषस्य विषमौषधम्, भारत दुर्दशा, नीलदेवी

(B) विषस्य विषमौषधम्, वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति, नीलदेवी, भारत दुर्दशा

(C) वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति, नीलदेवी, भारत दुर्दशा, विषस्य विषमौषधम्

(D) विषस्य विषमौषधम्, नीलदेवी, भारत दुर्दशा, वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति

81. जयशंकर प्रसाद की काव्य-रचनाओं का कालक्रम के अनुसार सही अनुक्रम है

(A) लहर, झरना, कामायनी, आँसू

(B) कामायनी, आँसू, झरना, लहर

(C) आँसू, झरना, लहर, कामायनी

(D) झरना, आँसू, लहर, कामायनी

82. गिरिराज किशोर के उपन्यासों का कालानुसार सही अनुक्रम है

(A) परिशिष्ट, तीसरी सत्ता, असलाह, ढाईघर

(B) ढाईघर, परिशिष्ट, असलाह, तीसरी सत्ता

(C) तीसरी सत्ता, परिशिष्ट, असलाह, ढाईघर

(D) असलाह, तीसरी सत्ता, ढाईघर, परिशिष्ट



Teachingninja.in

83. सुमित्रानंदन पंत के काव्य-संग्रहों का कालानुसार सही अनुक्रम है

(A) उच्छ्वास, वीणा, पल्लव, गुंजन

(B) वीणा, उच्छ्वास, पल्लव, गुंजन

(C) उच्छ्वास, वीणा, गुंजन, पल्लव

(D) पल्लव, वीणा, गुंजन, उच्छ्वास

84. डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों का कालानुसार सही अनुक्रम है

(A) अंधा कुआं, तीन आँखों वाली मछली, मादा-कैक्टस, रक्त कमल

(B) तीन आँखों वाली मछली, मादा-कैक्टस, रक्त कमल, अंधा कुआं

(C) अंधा कुआं, मादा-कैक्टस, रक्त कमल, तीन आँखों वाली मछली

(D) अंधा कुआं, मादा-कैक्टस, तीन आँखों वाली मछली, रक्त कमल

85. रामचंद्र शुक्ल कृत चिंतामणि में संकलित निबंधों का सही अनुक्रम है

(A) घृणा, ईर्ष्या, भय, क्रोध

(B) ईर्ष्या, घृणा, भय, क्रोध

(C) भय, क्रोध, घृणा, ईर्ष्या

(D) क्रोध, भय, घृणा, ईर्ष्या

86. जन्म वर्ष के अनुसार छायावादी कवियों का सही अनुक्रम है

(A) निराला, पंत, जयशंकर प्रसाद, महादेवी

(B) पंत, निराला, जयशंकर प्रसाद, महादेवी

(C) जयशंकर प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी

(D) महादेवी, जयशंकर प्रसाद, निराला, पंत

87. इन आत्मकथाओं के सही कालक्रम के अनुसार अनुक्रम है

(A) लगता नहीं है दिल मेरा, जो कहा नहीं गया, कस्तूरी कुंडल बसै, हादसे

(B) जो कहा नहीं गया, हादसे, कस्तूरी कुंडल बसै, लगता नहीं है दिल मेरा

(C) हादसे, जो कहा नहीं गया, लगता नहीं है दिल मेरा, कस्तूरी कुंडल बसै

(D) जो कहा नहीं गया, लगता नहीं है दिल मेरा, कस्तूरी कुंडल बसै, हादसे

88. गिरिजाकुमार माथुर की काव्यकृतियों का कालानुसार सही अनुक्रम है

(A) धूप के धान, नाश और निर्माण, मंजीर, बिखरी स्मृतियाँ

(B) बिखरी स्मृतियाँ, मंजीर, नाश और निर्माण, धूप के धान

(C) नाश और निर्माण, मंजीर, बिखरी स्मृतियाँ, धूप के धान

(D) धूप के धान, बिखरी स्मृतियाँ, नाश और निर्माण, मंजीर

89. डॉ. धर्मवीर भारती के निबंध-संग्रहों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम है

(A) पश्यंती, कहनी अनकहनी, शब्दिता, ठेले पर हिमालय

(B) ठेले पर हिमालय, शब्दिता, कहनी अनकहनी, पश्यंती

(C) ठेले पर हिमालय, पश्यंती, कहनी अनकहनी, शब्दिता

(D) ठेले पर हिमालय, कहनी अनकहनी, शब्दिता, पश्यंती



Teachingninja.in

Teachingninja.in

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे संबंधित (**96** से **100**) के उत्तरों के दिए गए बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें।

कविता ही मनुष्य के हृदय को स्वार्थ सम्बन्धों के संकुचित मण्डल से ऊपर उठाकर लोक सामान्य भाव-भूमि पर ले जाती है । जहाँ जगत की नाना गतियों के मार्मिक स्वरूप का साक्षात्कार और शुद्ध अनुभूतियों का संचार होता है। इस भूमि पर पहुँचे हुए मनुष्य को कुछ काल के लिए अपना पता नहीं रहता। वह अपनी सत्ता को लोक-सत्ता में लीन किये रहता है। उसकी अनुभूति सबकी अनुभूति होती है । इस अनुभूति योग के अभ्यास से हमारे मनोविकार का परिष्कार तथा शेष सृष्टि के साथ हमारे रागात्मक सम्बन्ध की रक्षा और निर्वाह होता है । मनुष्य को कर्म में प्रवृत्त करनेवाली मूल वृत्ति भावात्मिकता है । केवल तर्क-बुद्धि या विवेचना के बल से हम किसी कार्य में प्रवृत्त नहीं होते। जहाँ जटिल बुद्धि-व्यापार के अंतर में किसी कर्म का अनुष्ठान देखा जाता है वहाँ भी तह में कोई भाव या वासना छिपी रहती है। भावों के विषयों और उनके द्वारा प्रेरित व्यापारों में जटिलता आने पर भी उनका सम्बन्ध मूल विषयों और मूल व्यापारों से भीतर-भीतर बना है और क्रोध, घ्रणा, लोभ आदि अन्य भावों के विषय भी अपने मूल रूपों से भिन्न रूप धारण करने लगे। कुछ भावों के विषय तो अमूर्त तक होने लगे, जैसे कीर्ति की लालसा।

सभ्यता की वृद्धि के साथ-साथ ज्यों-ज्यों मनुष्यों के व्यापार बहुरूपी और जटिल होते गये त्यों-त्यों उसके मूल रूप बहुत कुछ आच्छन्न होते गये। भावों के आदिम और सीधे लक्ष्यों के अतिरिक्त और-और लक्ष्यों की स्थापना होती गयी, वासना जन्य मूल व्यापारों के सिवा बुद्धि द्वारा निश्चित व्यापारों का विधान बढ़ता गया।

**96.** विस्मृति का कारक तत्त्व क्या है ?

(A) स्वार्थी व्यवहार

(B) लोक तादात्म्य

(C) रागात्मक सम्बन्ध

(D) भावों का व्यायाम

**97.** मानवीय भावों का विरेचन किससे संभव है?

(A) भावाभिव्यक्ति

(B) भावसंचार

(C) भावपरिष्करण

(D) भावविकृतिकरण

**98.** मानवीय क्रियाशीलता और बुद्धि विलास की शक्ति कौन-सी है ?

(A) इच्छाशक्ति

(B) वैचारिक क्षमता

(C) तार्किकता

(D) अनुभूति की तीव्रता

**99.** भावात्मक जटिलता से किसका सम्बन्ध विच्छेद नहीं हो पाया ?

(A) आदिम भावों

(B) कीर्ति की लालसा

(C) मूल रूप और क्रिया

(D) वासना मूलक व्यापारों

**100.** भावों और लक्ष्यों के विकास के साथ किसका विकास होता गया ?

(A) लौकिक

(B) भौतिक

(C) आध्यात्मिक

(D) बौद्धिक



Teachingninja.in

## Space for Rough Work



SEAL

Teachingninja.in

Teachingninja.in

90. इनमें से एकांकियों का सही वर्ग है

(A) जल है जहाँ, वह एक समुद्र था, शब्द भूले हुए, कविता में नहीं है जो

(B) चंद्रगुप्त, स्कंदगुप्त, उरूभंग, मृच्छकटिक

(C) मनुष्य के रूप, मेरी तेरी उसकी बात, मुक्तिपथ, जिप्सी

(D) खिड़की बंद कर दो, वेटिंग रूम, लहर लौट गयी, आवाज़ आ रही है

91. **स्थापना (A)** : आदिकाल की असंदिग्ध सामग्री जो कुछ प्राप्त है उसकी भाषा अपभ्रंश और प्राकृता भास है।

**तर्क (R)** : आदिकाल में परिनिष्ठित भाषा का रूप ही सर्वग्राह्य था।

इनमें कौनसा विकल्प सही है ?

(A) (A) गलत (R) सही

(B) (A) सही (R) सही

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) गलत (R) गलत

92. **स्थापना (A)** : शुक्लजी के अनुसार ईर्ष्या अत्यन्त लज्जावती वृत्ति है ।

**तर्क (R)** : क्योंकि ईर्ष्या अपने धारणकर्ता स्वामी से भी लज्जाती है।

इनमें कौनसा विकल्प सही है ?

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) सही (R) सही

(C) (A) गलत (R) गलत

(D) (A) गलत (R) सही

93. **स्थापना (A)** : काव्य का विषय सदा विशेष होता है।

**तर्क (R)** : क्योंकि काव्य का विषय जन जीवन से असम्बद्ध होता है।

इनमें कौनसा विकल्प सही है ?

(A) (A) गलत (R) गलत

(B) (A) सही (R) सही

(C) (A) गलत (R) सही

(D) (A) सही (R) गलत

94. **स्थापना (A)** : जीवन की जटिलता और सीमित उपादान मनुष्य को असामाजिक बना देते हैं ।

**तर्क (R)** : शहरीकरण के कारण मनुष्य की सामाजिकता परिपुष्ट होती जा रही है।

इनमें से सही विकल्प है :

(A) (A) गलत (R) सही

(B) (A) सही (R) सही

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) गलत (R) गलत

95. **स्थापना (A)** : निबन्ध वह है जिसमें वैयक्तिक विचारों या अनुभूतियों को कलात्मक सूत्र में पिरो देने का प्रयत्न किया जाता है।

**तर्क (R)** : क्योंकि निबन्ध व्यक्तिगत चिंतन की कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रयत्न मात्र है।

सही विकल्प बताइए ।

(A) (A) सही (R) सही

(B) (A) गलत (R) गलत

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) गलत (R) सही



Teachingninja.in